## एक नजर.....

### अक्षय कुमार ने बताया अपनी फिटनेस का राज

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी फिटनेस का राज बताया है। बॉलीवुड में अक्षय कुमार सर्वाधिक फिट अभिनेताओं में शुमार किये जाते हैं। अक्षय

कुमार की फिटनेस का राज हर कोई जानना चाहता है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय को देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह इतने फिट कैसे हैं। इस वीडियो में अक्षय स्विमिंग करते हुए भी कसरत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह पानी में ही वेट लिफ्टिंग कर रहे हैं।

अक्षय ने अपने हाथों में डंबल पकड़ा हुआ है। ये वीडियो खुद अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन में अक्षय ने बताया कि वह वेट पकड़कर स्विमिंग कर रहे हैं। उन्होंने अपने फैन्स से यह भी कहा है कि यदि वे अच्छे तैराक हैं, तभी वेट उठाकर स्विमिंग करें, हालांकि अक्षय ने ये चेतावनी भी दी है कि यदि आपको तैरना नहीं आता तो इसे ट्राई न करें।

### दानव की भूमिका निभा खुद को भाग्यशाली मानता हूं : विनीत कक्कड़

अभिनेता विनीत कक्कड़ का कहना है कि वह टीवी धारावाहिक महाकाली- अंत ही आरंभ है में एक दानव की

भूमिका निभाकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। कक्कड़ ने विघ्नहर्ता गणेश, संकटमोचन महाबली हनुमान जैसे पौराणिक धारावाहिकों में काम किया है। उन्होंने कहा, मैं मधु की भूमिका निभा रहा हूं। वह उन राक्षसों में से एक है जो ब्रह्मा को मिटाने के लिए पैदा हुआ था। हालांकि, ब्रह्मा उन्हें पहचान लेते हैं और देवी महामाया का आह्वान करते हैं।

विनीत ने अपने बयान में कहा, इस स्थिति में विष्णु जगते हैं और साजिशकर्ता दानव अपने भाई के साथ मारा जाता है। इसलिए विष्णु को मधुसूदन कहा जाता है, मधुसूदन का अर्थ मधु को मारने वाला। विनीत शो का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं लोगों का धन्यवाद करता हूं कि वे मेरे असुर पात्र का आनंद ले रहे हैं, क्योंकि मैंने ऐसी भूमिकाएं बहुत से पौराणिक शो में निभाई हैं।

### बिग बॉस के बाद अब शॉर्ट फिल्म में नजर आएंगी हिना खान

**हिना एक शॉर्ट फिल्म में काम करने जा रही हैं. इसके निर्देशक होंगे अंकुश भट्ट.**

बिग बॉस 11 में नजर आई टीवी एक्ट्रेस हिना खान बिग बॉस के घर से निकलने के बाद पहला एक्टिंग प्रोजेक्ट

साइन करने जा रही हैं. हिना रियलिटी शो बिग बॉस में फर्स्ट रनर अप रही थीं. शो के खत्म होने के बाद भी हिना सुर्खियों में रही हैं. अब हिना एक शॉर्ट फिल्म में काम करने जा रही हैं. इसके निर्देशक होंगे अंकुश भट्ट. इससे पहले अंकुश ने मिशेल रहेजा को लेकर भी एक फिल्म बनाई थी. शॉर्ट फिल्म मिलने की बात हिना ने खुद अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा की है. उन्होंने लिखा, थैंक यू. मेरी शॉर्ट फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है. कोशिश करूंगी कि जल्दी ही सेट से इसकी कोई तस्वीर पोस्ट करूं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हिना को सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स के लिए ही नहीं, बल्कि बिग बॉस 11 में नजर आई उनकी दमदार पर्सनैलिटी की वजह से भी मिला.

## आलिया ने रणबीर के साथ अपने लिंकअप की अफवाहों को लेकर तोड़ी चुप्पी..

बॉलीवुड के चॉकलेटी हिरो यानि रणबीर कपूर एक्ट्रेस के साथ रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहते है। इस बार फिर उनकी को-एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ लिंकअप की खबरे आ रही है। आपको बता दें कि रणबीर कपूर और क्यूट एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही अगली फिल्म में साथ नज़र आने वाले हैं। दोनों ही कलाकार फिल्म ब्रह्मास्त्र में एक साथ काम करते नज़र आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच लिंकअप की खबरों ने काफी ज़ोर पकड़ा था। वहीं इन अफवाहों को लेकर आलिया ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

आलिया ने कहा मैं हमेशा से इस इंतजार में थी कि रणबीर के साथ काम कर सकूं। काफी लम्बा शेड्यूल था, लेकिन जब आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ काम करते है तो आपको ज्यादा काम का अंदाजा नहीं लगता है। बता दें इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले से ही लगातार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के लिंकअप की खबरें सामने आ रही थीं। हाल ही में जोया अख्तर के पार्टी में भी रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को एक साथ देखा गया था, जोया अख्तर ने अपनी फिल्म गली बॉय की शूटिंग खत्म होने की खुशी में पार्टी का आयोजन किया था।

## देश में नहीं, विदेश में शादी करेंगे रणवीर-दीपिका ?

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को लेकर हाल ही में ये खबर आई कि दोनों इस साल के अंत तक शादी के बंधन में बंध जाएंगे.हालांकि दीपिका या फिर रणवीर दोनों में से किसी ने भी इस बारे कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है. अब फिर से दोनों की शादी की खबरें आ रही हैं और कहा जा रहा है कि दोनों डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले हैं. इनकी शादी देश में नहीं, बल्कि विदेश में होगी. दीपिका जब दुबई में फराह खान की फिल्म हैप्पी न्यू ईयर की शूटिंग कर रही थीं तब से ही रणवीर सिंह और उनके अफेयर की बातें सामने आती रही हैं. लेकिन कहा जाता है कि दोनों फिल्म गोलियों की रासलीला- रामलीला के दौरान एकदूसरे के करीब आए. दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी इस साल की मच अवेटेड शादी में से एक है। रिपोर्ट्स की मानें

तो दोनों इस साल के अंत तक सात फेरे ले सकते हैं। इस शादी के ताजा अपडेट्स के मुताबिक ये कपल विराट-अनुष्का को फॉलो कर सकता है। दोनों डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर और दीपिका की शादी एक प्राइवेट सेरेमनी होगी।

## रेखा को भा गई बिग बी की 102 नॉट आउट, तारीफ करते नहीं थक रहीं

रेखा और अमिताभ बच्चन...भले ही सिलसिला के बाद इन दोनों ने साथ काम न किया हो, भले ही ये आज भी एक-दूसरे के सामने आने से कतराते हों, लेकिन दोनों के दिलों में एक-दूसरे के लिए जो इज्जत है, वह किसी से छुपी नहीं है।

आमतौर पर रेखा, बिग बी या उनकी फिल्मों के बारे में कुछ भी कहने से बचती रही हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने बिग बी की फिल्म 102 नॉट आउट देखी और बिग बी को लेकर कुछ ऐसी बात कह गई कि सभी हैरान रह गए।

दरअसल हाल ही में रेखा बिग बी और ऋषि

कपूर की आने वाली फिल्म 102 नॉट आउट की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंची और यहां उन्होंने फिल्म देखने के बाद बिग बी की परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की। रिपोर्ट्स की मानें, तो रेखा बिग बी तारीफ करते नहीं थक रहीं थीं। रेखा का यह रिऐक्शन देख सभी हैरान थे। बता दें कि अमिताभ इस स्क्रीनिंग में नहीं पहुंच पाए थे और अगर वे भी वहां होते, तो शायद नजारा ही कुछ और होता।

वैसे जब भी किसी इवेंट में रेखा और बिग बी दोनों उपस्थित होते हैं या पहुंचते हैं तो वे दोनों ही इस बात का ध्यान सतर्कता से रखते हैं कि मीडिया के सामने उनका आमना-सामना न हो।

फिल्म 102 नॉट आउट की बात करें, तो इसे उमेश शुक्ला ने डायरेक्ट किया है। यह बूढ़े हो चुके बाप-बेटे के बीच की कहानी है, जो साथ-साथ हंसते-रोते अपनी जिंदगी का लुत्फ उठा रहे हैं। यह फिल्म 4 मई 2018 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## शादी और मंगलसूत्र की खबरों पर प्रियंका चोपड़ा ने पोस्ट की एक और तस्वीर

बॉलिवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की एक तस्वीर जबरदस्त वायरल हो रही है जिसमें वह हाथ में एक ब्रेसलेट जैसा कुछ पहने नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को देखकर अफवाह फैल गई कि यह मंगलसूत्र है और उन्होंने चुपचाप शादी कर ली है।

अब प्रियंका चोपड़ा ने एक ट्वीट करके इस खबर का जवाब दिया है। प्रियंका ने उस ब्रेसलेट की तस्वीर जूम करके पोस्ट की है और लिखा है, हाहाहा, कयास लगाने की भी हद है! यह इविल आई (बुरी नजर से बचाने वाला ब्रेसलेट) है। परेशान मत होइए, जब शादी करूंगी तो सबको बता दूं, यह कोई सीक्रेट नहीं होगा!

दरअसल बीते दिनों प्रियंका ने एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। इस तस्वीर में प्रियंका फ्लाइट में बैठी दिखाई दे रही थीं, वह असम जा रही थीं। उन्होंने हाथ में कुछ पहना हुआ था जो कि मंगलसूत्र जैसा नजर आ रहा था।

बता दें कि प्रियंका ने बीते दिनों भी कहा था कि शादी के लिए सही व्यक्ति की तलाश है। उन्होंने कहा था, शादी प्लान करके नहीं होती, आपको अपने लिए सही व्यक्ति की तलाश होती है। जब मुझे सही व्यक्ति मिल जाएगा तो मैं तुरंत शादी कर लूंगी। मैं अब भी ऐसे इंसान को ढूंढ़ रही हूं।

## रिलीज हुआ 'संजू' बायोपिक का एक और पोस्टर, 90'एस के संजय दत्त की तरह नजर आए रणबीर कपूर !!

रणबीर कपूर स्टारर संजय दत्त बायोपिक 'संजू' का टीजर सामने आ चुका है. जिसे दर्शक काफी पसंद भी कर रहे हैं. फिल्म के टीजर में रणबीर कपूर की एक्टिंग को काफी पसंद किया जा रहा है. पूरे टीजर में रणबीर कपूर हुबहू संजय दत्त की तरह ही नजर आ रहे हैं. टीजर रिलीज होते ही यह सभी सोशल साइट्स पर काफी ट्रेंड कर रहा था. वहीं अब फिल्म का चौथा पोस्टर रिलीज किया गया है. जिसे फिल्म के निर्देशक राजू हिरानी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है. इस पोस्टर को शेयर करते हुए राजकुमार हिरानी ने कैप्शन में लिखा है, '90 दशक में संजू के रूप में रणबीर.' हाल ही में रिलीज हुए इस पोस्टर में 90 के दौर के संजय दत्त को दिखाया गया है. इसमें रणबीर कपूर काफी हद तक संजय दत्त की तरह ही नजर आ रहे हैं.

## विकास गुप्ता के साथ रिलेशनशिप पर शिल्पा शिंदे ने तोड़ी चुप्पी

शिल्पा ने विकास गुप्ता के साथ रिलेशनशिप की खबरों पर विराम लगाते हुए अपनी चुप्पी तोड़ी है। शिल्पा ने विकास को लेकर कहा न तो हम लोग दोस्त हैं और न ही दुश्मन। दरअसल शिल्पा के एक फैन ने शिल्पा की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें एक कंटेनर भी रखा हुआ है जिसमें विकास के नाम की स्लिप लगी हुई है और शिल्पा किचन में खड़ी नजर आ रही हैं। कहा मैं बता दूं कि 'शिकास' जैसा कुछ नहीं है।

## शब्द सामर्थ्य

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.' 94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## राशिफल

मेष- इस समय आप कुछ कर गुजरने की क्षमता रखे हुए हैं। आप अभी तरफ से मेहनत करें, सही दिशा में किए गए प्रयत्नों से लाभ होगा। फायदे में मिलने में हो रही देरी से परेशान न हों।

वृष- इस वक्त आपकी दृश्यनिता का असर आपके काम-काज पर हो रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी जानने लगे हैं, किसी राइवल फर्म से भी आपको बुलावा आ सकता है।

मिथुन- कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा, इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इंवेस्टमेंट पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है, वरना फिलहाल आप धन को यहीं सुरक्षित रखें जहां पर वह है।

कर्क- आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड़ ले रही हैं। आपके सभी अवस्था लाभ भी हाथ में आनेवाले हैं। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष विपक्ष का विचार कर लें।

सिंह- किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। इंवेस्टमेंट या जमीन-जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा करें। इस प्रकार के जोखिम में कुछ खोज भी पड़ सकता है। बिना कुछ खोए पाना भी मुश्किल है।

कन्या- इस वक्त आपको अपनी रुटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करना होगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने आपूर्ट काम पूरे करने की सोचें। कार्य में परिवर्तन करना ठीक नहीं होगा। कोई जरूरी मीटिंग्स या सेमीनार भी इस बीच आ सकती है।

तुला- इस वक्त आपका पारिवारिक वातावरण अच्छा चल रहा है। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है। रही बात आपके कार्यस्थल की तो कुछ और पैसा इंवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती हैं। इससे आपको बेहतर लाभ हो सकता है।

वृश्चिक- आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय आज सार्थक हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यात्रा के समय अपने सामान की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

धनु- आपके घर परिवार में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने की संकेत हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आकर सत्कार का सामान तैयार होगा और साज-सज्जा तथा साफ-सफाई का भी ध्यान रखना होगा।

मकर- काफी समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुआ तनाव आज तुरन्त सफाई के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा। इससे आपको जहां राहत मिलेगी वहीं एक उपयोगी व्यक्ति के पुनः आपके जीवन में लौट आने का हर्ष भी होगा। कार्यक्षेत्र में समय सामान्य रहेगा।

कुंभ- आपको अपने सर्वांग पर ध्यान देने की जरूरत है। मित्रों के अनुसार आप कुछ रंगीन-मिजाज लोगों की संगत में हैं। अपनी छवि का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में प्रगति के लिए लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

मीन- किसी मानसिक भ्रम या भय के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। काम में अरुचि हो सकती है। आवागमन के क्षेत्र में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। सुधार होने में समय लग सकता है, स्वयं को विचलित न होने दें।